


# 'धर्मेंद्र राठौड़ चापलूसी करके नेता बने, कागजी नेता हैं, कोई जनाधार तो है नहीं'

## विधायक रामनिवास गावड़िया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नजदीकी आर.टी.डी.सी. चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ को चापलूसी से नेता बनकर कागजी घोड़े दौड़ाने वाला नेता बताया

- गावड़िया ने कहा, जननेता होते तो पार्टी टिकट देती, हाथ जोड़ते तो जनता वोट भी देती।
- 'खुद को नहीं पता क्या करना है, कभी पुष्कर, कभी बानसूर, तो कभी कहीं जाते हैं'

जयपुर, 30 अक्टूबर (का.प्र.)। राजस्थान में कई दिनों तक कांग्रेस में बयानबाजी के मामले में शांति रहने के बाद अब एक बार फिर बयानबाजी का दौर शुरू हुआ है। इस बार बयानबाजी की शुरुआत करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट खेमे के विधायक रामनिवास गावड़िया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नजदीकी आर.टी.डी.सी. चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ को चापलूसी से नेता बनकर कागजी घोड़े दौड़ाने वाला नेता बताया है।

दरअसल आर.टी.डी.सी. चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ पिछले दिनों परबतसर गए होंगे। इस बारे में जब रामनिवास गावड़िया से किसी ने पूछा तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि परबतसर कोई भी आ सकता है। धर्मेंद्र राठौड़ भी आए होंगे। वैसे भी वह कोई जननेता तो है नहीं, जो उनके बारे में जानकारी रखी जाए। वह तो चापलूसी करके नेता बने हैं और कागजी नेता है। उनका कोई जनाधार तो है नहीं।

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इसी के साथ परबतसर से कांग्रेस विधायक रामनिवास गावड़िया ने कहा कि कभी वह बानसूर जाते हैं, कभी पुष्कर जाते हैं, कभी कहीं जाते हैं। उन्हें खुद को यह नहीं पता कि करना क्या है। ऐसे में हमें कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कहां जा रहा है। इसी के साथ गावड़िया ने कहा कि पिछले दिनों ही धर्मेंद्र राठौड़ पुष्कर गए थे, जहां लोगों ने कहा कि जब आप यहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो हमारे काम करवाइए। इस पर धर्मेंद्र राठौड़ ने लोगों को धक्का मार दिया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दो तीन नौजवानों ने उन पर हाथ उठा दिया था। वह तो गनीमत रही की वीडियो नहीं बना और बात दबी की दबी रह गई।

इसी के साथ गावड़िया ने राठौड़ को निशाने पर लेते हुए यह भी कहा कि वह जननेता होते तो पार्टी उन्हें टिकट भी देती और वह जनता के हाथ जोड़ते तो उन्हें वोट भी मिलते, लेकिन वह तो महज चापलूसी करके नेतागिरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नेता तो सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे हैं और उनके निर्देशानुसार हम कांग्रेस में काम कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की समानांतर बैठक बुलाए जाने को लेकर धर्मेंद्र राठौड़ को भी पार्टी आलाकमान की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अभी तक इस मामले में राठौड़ के जवाब के बाद आगे पार्टी की कार्यवाही का सभी को इंतजार है।

# जवानों को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जायेगी

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। चीन से लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद को देखते हुए एल.ए.सी. पर लगातार अडवांस हथियार और ट्रेनिंग के जरिए स्थिति मजबूत की जा रही है। अब आई.टी.बी.पी. के जवानों को मार्शल आर्ट की भी ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे गलवान जैसी घटना होने पर जवान आसानी से निपट सकें। 2020 में जब गलवान में चीनी सैनिकों से हाथापाई हुई तब उधर से पत्थर, डंडे, कटीले पंजों का इस्तेमाल किया गया था। जवानों को 15 से 20 तरीके की मार्शल आर्ट सिखाई जाएगी जो कि जूडो, कराटे, क्राव मागा और अन्य तकनीकों से जुड़ी होगी। इसमें पंचिंग, किकिंग, थ्रोविंग और पिनिंग डाउन जैसी टेक्निक सिखाई जाएगी।

- जवानों को यह ट्रेनिंग इसलिए दी जा रही है ताकि वे, गलवान जैसी झड़प होने पर चीन के जवानों से आसानी से निपट सकें।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गुजरात में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने को समर्थन दिया

- मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष शाहिद सईद ने कहा कि, यह वह समय है जब हम सबको तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर उठकर देश के लिए सोचना चाहिये।
- संगठन के मीडिया प्रभारी ने एक छोटा सा उदाहरण देते हुए कहा कि, आर्टिकल 29 और 30 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को यह अधिकार देता है कि वो अपना शिक्षण संस्थान खोल सकते हैं और अपनी संस्कृति और परम्परा को बचाये रखने के लिए बिना किसी सरकारी हस्तक्षेप के उसको चला भी सकते हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे ही अधिकार बहुसंख्यकों को भी मिलना चाहिए। आर्टिकल 29 और 30 में संशोधन करके इसे सबके लिए समान किया जा सकता है।

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गुजरात में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कमेटी के गठन का स्वागत किया है। मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने कहा कि इस पहल का सभी को समर्थन करना चाहिए। शाहिद ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, भारत के लोग धर्म के नाम पर विभाजित न हों, और न ही एक दूसरे से लड़ें, एक देश, एक नागरिकता और एक झंडे के साथ सब चलें... इसी में सबल सजग सशक्त राष्ट्र का हित है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि देश की यह मौलिक आवश्यकता है। सभी अपने-अपने धर्मों के प्रति आस्था रखें और दूसरे धर्मो का भी सम्मान करें।

मीडिया प्रभारी ने एक छोटा सा उदाहरण देते हुए कहा कि अनुच्छेद 29 और 30 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को यह अधिकार देता है कि वो अपना शिक्षण संस्थान खोल सकते हैं और अपनी संस्कृति और परम्परा को बचाये रखने के लिए बिना किसी सरकारी हस्तक्षेप के उसको चला भी सकते हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे ही अधिकार बहुसंख्यकों को भी मिलना चाहिए। आर्टिकल 29 और 30 में संशोधन करके इसे सबके लिए समान किया जा सकता है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक शाहिद अख्तर ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा कि समय आ गया है जब हम सब को तुष्टिकरण की राजनीति से ऊपर उठ कर देश के विकास के लिए एकजुट होना होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि एक गाड़ी में चार धर्म के लोग जा रहे हों जिसका दुर्भाग्य से दुर्घटना हो जाए तो क्या उनके परिवार वालों को अलग-अलग धर्मों के कानून के हिसाब से न्याय मिलेगा या एक देश एक कानून के माध्यम से?

गौरतलब है कि गुजरात चुनाव से पहले भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। साथ ही यूनिफोर्म सिविल कोड लाने की बात कही है।

## गुजरात ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2017 में दोनों राज्यों में अलग-अलग तारीखों पर चुनाव की घोषणा की गई थी, लेकिन मतगणना 18 दिसंबर को एक साथ हुई थी। दरअसल, गुजरात में बाढ़ के चलते निर्वाचन आयोग को राज्य में हिमाचल चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद मतदान कराना पड़ा था। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में साल 1998, 2007 और 2012 में एक साथ चुनाव हुए थे। 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है।

अगर चुनावी हलचल की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर से गुजरात और राजस्थान का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान वह सी-295 विमान विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखेंगे और भारत के प्रथम गृह मंत्री वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी रविवार को वडोदरा में विमान विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखेंगे।

## द. कोरिया में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सहित 20 विदेशी शामिल हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-येओल ने आज सुबह दुर्घटनास्थल का दौरा किया। येओल ने आज यहां राष्ट्रीय टेलीविजन पर अपने सम्बोधन में दुर्घटना पर राष्ट्रीय शोक की घोषणा करते हुए कहा, यह दुर्घटना वास्तव में दुखद है। उन्होंने दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले इस त्योहार के लिए पहले से ही लोग में तैयारियों में जुट जाते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, मेक्सिको समेत कई देशों में लोग कई तरह के मेकअप करते और परिधान पहनकर 'भूत' बनते हैं। दरअसल हैलोवीन की शुरुआत बहुत पहले ही हुई थी। फसल के मौसम में किसानों की मान्यता थी कि बुरी आत्माएं धरती पर आकर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए उन्हें डराकर भगाने के लिए वे खुद डरावना रूप अख्तियार कर लेते थे।

## 'गुजरात में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नौकरी, पुरानी पेन्शन व्यवस्था बहाल कर समय पर प्रमोशन।"

उन्होंने कहा "राजस्थान में लागू किया, अब गुजरात में कांग्रेस सरकार बनते ही कर्मचारियों को उनका हक़ मिलेगा। कांग्रेस देगी पक्की नौकरी।"

## प्रोजैक्ट पूरा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। यह 276 महीने की देरी से चल रही है। दूसरी सबसे विलंबित परियोजना उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल परियोजना है। यह परियोजना अपने निर्धारित समय से 247 महीने पीछे है। तीसरी देरी वाली परियोजना बेलापुर-सीवुड-शहरी विद्युतीकृत दोहरी लाइन है, जिसमें 228 महीने की देरी है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि सड़क परिवहन व राजमार्ग क्षेत्र की 835 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत (जब स्वीकृति मिली थी) 4,94,300.45 करोड़ रुपये थी। इसके अब बढ़कर 5,26,481.88 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस तरह सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र की परियोजनाओं की लागत 6.5 प्रतिशत बढ़ी है। सितंबर, 2022 तक इन परियोजनाओं पर किया गया खर्च 3,21,980.33 करोड़ रुपये था, जो अनुमानित लागत का 61.2 प्रतिशत बैठता है।

रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे की 173 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत 3,72,761.45 करोड़ थी, लेकिन अब इसके बढ़कर 6,23,008.98 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यानि रेलवे की परियोजनाओं की लागत 67.1 प्रतिशत बढ़ी है। सितंबर, 2022 तक इन परियोजनाओं पर किया गया खर्च 3,50,349.9 करोड़ रुपये या अनुमानित लागत का 56.2 प्रतिशत था। इसी तरह पेट्रोलियम क्षेत्र की 140 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत 3,64, 330.55 करोड़ रुपये थी, लेकिन यह बढ़कर 3,84,102.18 करोड़ रुपये हो गई है।

## मु.मंत्री के.सी.आर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जनसभा में चारों विधायकों की परेड कराई।

टी.आर.एस. विधायकों में से एक पी. रोहित रेड्डी की शिकायत के आधार पर 26 अक्टूबर की रात रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंदा कुमार और सिम्हायाजी स्वामी के खिलाफ आपराधिक साजिश, रिश्वत की पेशकश के लिए संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए थे।

## क्या 2024...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

साथ चुनाव कराने के लिए इतनी अधिक संख्या में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) और बैलेट यूनिट कहां से आएंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जे.पी. धनोपिया ने कहा कि उनकी पार्टी एक साथ चुनाव कराने के विचार के खिलाफ नहीं है, लेकिन मतदान पूरे देश में एक साथ कराए जाने चाहिए, न कि चुनिंदा तरीके से।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासित सभी राज्यों और विपक्ष शासित सभी प्रदेशों में एक साथ चुनाव होने चाहिए। धनोपिया ने कहा कि, यह विचार व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि इसके लिए भारी संसाधनों और श्रमशक्ति की आवश्यकता है। खासकर पूरे देश में चुनाव के दौरान सुरक्षा प्रदान करना एक बड़ी चुनौती होगा। वहीं, भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव बहुत अच्छा विचार है। उन्होंने कहा कि सरकार को इसे हकीकत में बदलने के लिए संविधान में संशोधन करना चाहिए, क्योंकि बार-बार चुनाव (जिनकी घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है) विकास गतिविधियों को बड़े पैमाने पर बाधित करते हैं।

# 'निजी क्षेत्र औद्योगिक सैक्टर में मिल रहे अवसरों का पूरा फायदा उठाये'

- प्र.मंत्री मोदी ने वड़ोदरा में टाटा और एयरबस के गठजोड़ से शुरु होने जा रही सैन्य परिवहन विमान निर्माण प्लांट की आधारशिला रखते हुये यह बात कही।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि, जिस तरह से देश में विमान विनिर्माण क्षेत्र का विकास हो रहा है उससे अब वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के बड़े यात्री विमान भी भारत में ही बना करेंगे।
- भारत में दिनों दिन बढ़ रहे एयर ट्रैफिक का हवाला देते हुए प्र.मंत्री ने कहा कि, वह दिन दूर नहीं जब देश में दो हजार से ज्यादा यात्री तथा कार्गो विमानों की जरूरत होगी और देश उस मांग को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

वड़ोदरा, 30 अक्टूबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले की सरकारों पर देश में विनिर्माण क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि उनकी सरकार के अथक प्रयासों से मानसिकता और कार्यसंस्कृति बदली है जिसके कारण देश विनिर्माण का गढ़ बनने वाला है और निजी क्षेत्र को इस मौके का पूरा फायदा उठाना चाहिए।

मोदी ने रविवार को यहां देश के पहले स्वदेशी परिवहन विमान विनिर्माण संयंत्र की आधारशिला रखने के मौके पर कहा कि उनकी सरकार काम चलाऊ ढर्रे को छोड़ कर विकास के समग्र दृष्टिकोण पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा , हमारी नीति स्थिर और भविषयोन्मुखी हैं। आज भारत विनिर्माण मे सबसे आगे रहने की तैयारी में है। सेमीकंडक्टर से विमान बनाने तक हम सबसे आगे रहने के इरादे से बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह से देश में विमान विनिर्माण क्षेत्र का विकास हो रहा है उससे वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के बड़े यात्री विमान भी भारत में ही बनेंगे। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों की टालने की नीतियों और उपेक्षा से विनिर्माण क्षेत्र का नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, भारत नयी मानसिकता और कार्यसंस्कृति के साथ काम कर रहा है।

रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के मजबूत स्तंभ हैं। सरकार की नीतियों के चलते आने वाले समय में रक्षा क्षेत्र में उत्पादन 25 अरब डॉलर तथा रक्षा निर्यात पांच अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र दोनों को साथ लेकर चल रही है। उनकी सरकार की नीतियों से देश में विनिर्माण का विशेष इकोसिस्टम बना है। सरकार की नीतियों और आर्थिक सुधारों से निवेश का माहौल बना है।




राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908